<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 439

05 फरवरी, 2018 को उत्तर के लिए

स्क्रैप आधारित इस्पात संयंत्र

439. श्री टी॰ जी॰ वेंकटेश बाबूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में इस्पात की आवश्यकता/उत्पादन और इस्पात-स्क्रैप उत्पादन कितना है;

(ख) क्या सरकार का देश में स्क्रैप आधारित इस्पात संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है;

(ग) क्या देश के अन्य भागों विशेषतः दक्षिण भारत/तमिलनाडु में ऐसी और परियोजनाओं की स्थापना किये जाने का भी विचार है; तथा

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजनाओं की स्थापना कब तक किये जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): वर्ष 2016-17 के दौरान देश में फिनिश्ड इस्पात की खपत/आवश्यकता 84.04 मिलियन टन थी और फिनिश्ड इस्पात का बिक्री हेतु कुल उत्पादन 101.81 मिलियन टन था। वर्ष 2016-17 के दौरान देश में स्टील स्क्रैप का उत्पादन 32.91 मिलियन टन था।

(ख) और (ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****